<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>21 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन</u>

विश्वविद्यालय के सस्य विज्ञान विभाग के संकाय उच्च अध्ययन केन्द्र द्वारा 'गुणवत्तापूर्ण खाद्य पोषण के लिए श्रीअन्न का संशोधित सस्य विज्ञान' विषय पर 21–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। इस उपलक्ष्य में प्रशिक्षण निदेशक एंव विभागाध्यक्ष सस्य विज्ञान डा. एम.एस. पाल ने अधिष्ठाता कृषि डा. एस.के. कश्यप को पुष्प भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रशिक्षण संचालक प्राध्यापक डा. एस.पी. सिंह ने समापन समारोह में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत करते हुए संकाय उच्च अध्ययन केन्द्र द्वारा आयोजित 43वें प्रशिक्षण को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। प्रशिक्षण के सह संचालक डा. डी.के. शुक्ला एवं डा. विनीता राठौर ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। कैप्ट निदेशक एवं विभागाध्यक्ष डा. एम.एस. पाल ने कार्यक्रम की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें प्रशिक्षण के दौरान कुल 48 व्याख्यान, 11 प्रायोगिक कक्षाएं एवं शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण को सम–सामायिक बताते हुए इसे अति ज्ञानवर्धक बताया। इस दौरान कुल 15 व्याख्यान देश के विशिष्ठ संस्थाओं जैसे इसरो, क्रीडा, सीमैप, पर्वतीय अनुसंधानशाला, अल्मोड़ा, खरपतवार निदेशालय, जबलपुर आदि के वैज्ञानिकों द्वारा दिया गया। प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त अपने अनुभवों को सभी के साथ साझा किया।

अधिष्ठाता कृषि डा. एस. के कश्यप ने इस प्रशिक्षण को प्रतिभागियों के महज कैरियर विकास हेतु ही नहीं परन्तु उनके सतत् ज्ञानवर्धन हेतु आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि एक उत्तम शिक्षक सदा के लिए विद्यार्थियों, प्रशिक्षणार्थियों को प्रेरित करता ही रहता है और ऐसे शिक्षकों की प्रशिक्षणों में अतिमहत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को इस प्रशिक्षण के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। तत्पश्चात, अधिष्ठाता कृषि के द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र वितरित किए गये। कार्यक्रम के अंत में डा. विनीता राठौर ने उपस्थित प्रतिभागियों, अतिथियों, प्राध्यापकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं मीडिया से संबंधित लोगों को धन्यवाद किया और अभार जताया।

कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते अधिष्ठाता कृषि डा. एस.के. कश्यप।

निदेशक संचार